सत्यमेव जयते

भारत की जनगणना 2001

श्रृंखला-32

लक्षद्वीप

जनसंख्या के अनन्तिम आँकड़े

2001 का पेपर-2
ग्रामीण-नगरीय वितरण

भारत की जनगणना 2001 CENSUS OF INDIA
लोकाभिमुख
PEOPLE ORIENTED

जनगणना कार्य निदेशालय, लक्षद्वीप



भारत के महासर्वेक्षक की अनुज्ञानुसार भारतीय सर्वेक्षण विभाग के मानचित्र पर आधारित।

इस मानचित्र में अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय के मध्य में दर्शाई गई अंतर्राज्य सीमा, उत्तरी पूर्वी क्षेत्र (पुनर्गठन) अधिनियम 1971 के निर्धारणानुसार दर्शित है, परन्तु अभी सत्यापित होनी है।

समुद्र में भारत का जलक्षेत्र, उपलब्ध आधार- रेखा से मापने गए बारह समुद्री मील की दूरी तक है।

© भारत सरकार का प्रतिलिप्याधिकार, 2004

विषय वस्तु

		पृष्ठ
प्रस्तावना		7
अभिस्वीकृतियाँ		8
आँकड़े एक दृष्टि में		9
जनगणना 1991 और 2001 के दौरान लक्षद्वीप		11
विश्लेषणात्मक टिप्पणी		15
अध्याय-1 :	भूमिका	17
अध्याय-2 :	ग्रामीण नगरीय जनसंख्या वितरण	21
अध्याय-3 :	दशकीय जनसंख्या वृद्धि	31
अध्याय-4 :	लिंग अनुपात	37
अध्याय-5 :	शिशु जनसंख्या (0-6 आयु वर्ग)	39
अध्याय-6 :	साक्षरता	43
अनन्तिम जनसंख्या सारणियाँ और विवरणियाँ		45
सारणी-1 :	आवास एवं लिंग वार जनसंख्या, 0-6 आयु वर्ग की शिशु जनसंख्या और साक्षर-संघ राज्य क्षेत्र जिला, न.स/नगर/कस्बा-2001	47
सारणी-2 :	आवास एवं लिंग वार जनसंख्या, 0-6 आयु वर्ग की शिशु जनसंख्या और साक्षर-संघ राज्य क्षेत्र, जिला, सामुदायिक विकास खण्ड और द्वीप समूह-2001	48
सारणी-3 :	कुल जनसंख्या प्रति नगरीय जनसंख्या प्रतिशत एवं आवास वार दशकीय वृद्धि का प्रतिशत, 0-6 आयु वर्ग की शिशु जनसंख्या का प्रतिशत-संघ राज्य क्षेत्र और जिला, 2001	49
सारणी-4 :	जनसंख्या का लिंग-अनुपात और 0-6 आयु वर्ष की शिशु जनसंख्या का लिंग अनुपात-संघ राज्य क्षेत्र, जिला, सामुदायिक विकास खण्ड और द्वीपसमूह, 2001	50
सारणी-5 :	निवास और लिंग वार साक्षरता दर-संघ राज्य क्षेत्र जिला, सामुदायिक विकास खण्ड और द्वीपसमूह, 2001	51
सारणी-6 :	राज्य में आकार वर्ग वार न.स.नगर एवं कस्बे-लिंग वार जनसंख्या, 1991-2001 दशकीय वृद्धि का प्रतिशत, लिंग अनुपात, साक्षरता, संघ राज्य क्षेत्र में आकार वर्ग वार न.स, नगर एवं कस्बे, 2001	52

सारणी 6 का परिशिष्ट-1	:	लिंग वार जनसंख्या, 0-6 आयु वर्ग की शिशु जनसंख्या और साक्षर वर्णानुक्रम में क्रमबद्ध स्वतंत्र नगर और कस्बे, 2001	53
सारणी-6 का परिशिष्ट-2	:	2001 में अवर्गीकृत 1991 के कस्बों और 2001 में अन्य कस्बों के साथ जोडे गये 1991 के कस्बों की सूची	54
सारणी-7	:	नगरीय जनसंख्या की वृद्धि, 1981-2001	55
विवरणी-1	:	जनसंख्या का ग्रामीण-नगरीय वितरण-भारत, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र, 2001	59
विवरणी-2	:	कानूनी और जनगणना कस्बों की संख्या, 1991 और 2001	62
विवरणी-3	:	नगरीय जनसंख्या प्रतिशत वार सामुदायिक विकास खण्डों का श्रेणीकरण, 1991 और 2001	62
विवरणी-4		नगरीकरण की प्रवृत्तियाँ, 1991-2001	63

मानचित्र

1. भारत में लक्षद्वीप की स्थिति-2001 — 3
2. लक्षद्वीप-प्रशासनिक प्रभाग-2001 — 13
3. सामुदायिक विकास खण्डों में ग्रामीण और नगरीय जनसंख्या प्रतिशत वितरण 2001 — 29
4. सामुदायिक विकास खण्डों में ग्रामीण-नगरीय जनसंख्या की दशकीय वृद्धि दर, 1991-2001 — 35

चार्ट और आरेख

1. संघ राज्य क्षेत्र में ग्रामीण और नगरीय जनसंख्या वितरण, 1901-2001 — 23
2. सामुदायिक विकास खण्डों में ग्रामीण और नगरीय जनसंख्या वितरण, 2001 — 27
3. संघ राज्य क्षेत्र में ग्रामीण और नगरीय जनसंख्या का दशकीय वृद्धि प्रतिशत-1901-2001 — 33

फोटोग्राफ्स — 65

प्रस्तावना

भारत की चौदहवीं दशकीय जनसंख्या की गणना जो इस द्वीप समूह को संघ राज्य-क्षेत्र के रूप पुनर्गठन करने के बाद पाँचवीं है, वह फरवरी-मार्च 2001 के दौरान अन्य राज्यों की जनगणना के साथ-साथ संचालित की गयी थी । इस जनगणना के आधार पर जनगणना कार्य निदेशालय, लक्षद्वीप ने एक ''डाटा-षीट'' और ''2001 का पेपर-1'' नामक एक प्रकाशन का विमोचन किया था जिसमें इस संघ राज्य-क्षेत्र से संबंधित सामुदायिक विकास खण्ड स्तर तक के अनंतिम जनसंख्या आंकड़े प्रस्तुत है । अब हम एक और प्रकाशन याने ''पेपर-2-2001-जनसंख्या के अनंतिम आंकड़े नगरीय और ग्रामीण जनसंख्या वितरण'' प्रस्तुत करते हैं । इस पेपर में जनसंख्या का वितरण, जनसंख्या की वृद्धि दर, 0-6 आयु की शिशु जनसंख्या, लिंग अनुपात एवं नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र की साक्षरता जैसे विषयों के अनंतिम आंकड़े सारणियाँ, मानचित्र, चार्ट एवं आरेख तथा संक्षिप्त विश्लेषण की सहायता से प्रस्तुत किये गये हैं ।

इस द्वीप की जनगणना कार्य की सफलता केलिए मेहनत किये लक्षद्वीप प्रशासन के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों के प्रति जो भारत की जनगणना 2001 केलिए तैनात किये गये थे और इस संघ राज्य क्षेत्र की आम जनता के सहयोग केलिए मैं अपनी कृतज्ञता अभिव्यक्त करता हूँ ।

इस प्रकाशन की मुख्य सारणियाँ, विवरणियाँ एवं मसौदे आदि की तैयारी एवं हस्तलेख का संकलन इस निदेशालय के तकनीकी विभाग ने किया था । इस पेपर के प्रकाशन केलिए सहयोग दिये तकनीकी अनुभाग के कर्मचारियों के प्रति मैं अपना आभार अदा करता हूँ ।

अपनी व्यस्तता के बावजूद, भारत की जनगणना 2001, पेपर-1, पेपर-2 जैसे अनंतिम जनसंख्या आंकडों का मुद्रण सुचारू रूप से करने केलिए श्री वी.वी.अब्दुल रषीद, प्रबंधक एवं श्री विल्सन जोण, ओवरसियर, लक्षद्वीप सरकारी प्रेस, कवरत्ती के प्रति मेरी कृतज्ञता अर्पित करता हूँ ।

श्री जयंत कुमार बांठिया, भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त और भारत के महारजिस्ट्रार के कार्यालय के सभी वरिष्ठ अधिकारियों को उनके समय-समय पर दिये गये बहुमूल्य मार्गदर्शन, सुझाव एवं सहायता केलिए हार्दिक कृतज्ञता अदा करता हूँ ।

कटमत्त्
01.02.2002

(मल्लिकार्जुना)
उप निदेशक, जनगणना कार्य

अभिस्वीकृतियाँ

(इस प्रकाशन से सहयोग प्राप्त)

उप निदेशक	: श्री मल्लिकार्जुना
तकनीकी अनुभाग	
सांख्यिकीय अन्वेषक ग्रेड-I	: श्री ए.वी.औसेफ
सांख्यिकीय अन्वेषक ग्रेड-III	: श्री टी.पी.अब्दुल्लकोया
प्रारूपकार	: श्री शशिकान्त मेहता
वरिष्ठ संकलक	: श्री किटाव
संकलक	: श्री एम.मुत्तुकोया श्री टी.अब्दुल जब्बार
सहायक संकलक	: श्री पी.के.मोहनन
प्रशासनिक अनुभाग	
कार्यालय अधीक्षक	: श्री के.राजेन्द्र बाबु

हिन्दी रूपान्तर

एन.मुरलीधरन नायर	स.निदेशक (रा.भा.) जनगणना कार्य निदेशालय,केरल
एस.गिरिजा	कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक जनगणना कार्य निदेशालय,केरल
एम.सी.सिमी	हिन्दी टंकक जनगणना कार्य निदेशालय,केरल

भारत की जनगणना 2001
लक्षद्वीप
आँकड़े एक दृष्टि में
(अनन्तिम)

		कुल	ग्रामीण	नगरीय
1. जनसंख्या	व्यक्ति	60,595	33,647	26,948
	पुरुष	31,118	17,196	13,922
	स्त्रियाँ	29,477	16,451	13,026
2. 0-6 आयु वर्ग की शिशु जनसंख्या	व्यक्ति	8,860	5,434	3,426
	पुरुष	4,488	2,704	1,784
	स्त्रियाँ	4,372	2,730	1,642
3. कुल जनसंख्या प्रति शिशु जनसंख्या का प्रतिशत	व्यक्ति	14.62	16.15	12.71
	पुरुष	14.42	15.72	12.81
	स्त्रियाँ	14.83	16.59	12.61
4. क्षेत्रफल (वर्ग कि.मी)		32.00	21.41	10.59
5. दशकीय वृद्धि दर का प्रतिशत (1991-2001)		17.19	48.93	-7.44
6. जनसंख्या घनत्व (प्रति वर्ग कि.मी)		1,894	1,572	2,545
7. कुल जनसंख्या प्रति लिंग अनुपात		947	957	936
8. 0-6 आयु वर्ग की शिशु जनसंख्या का लिंग अनुपात		974	1,010	920
9. साक्षर (7 वर्ष और उसके ऊपर)	व्यक्ति	45,281	24,372	20,909
	पुरुष	24,806	13,414	11,392
	स्त्रियाँ	20,475	10,958	9,517
10. साक्षरता दर	व्यक्ति	87.52	86.39	88.89
	पुरुष	93.15	92.56	93.85
	स्त्रियाँ	81.56	79.86	83.60

जनगणना 1991 और 2001 के दौरान
लक्षद्वीप

		1991	2001
1.	जिले की संख्या	1	1
2.	सामुदायिक विकास खण्डों की संख्या	9	9
3.	द्वीप समूहों की संख्या	27	27
	आवासीय	11	11
	गैर-आवासीय	16	16
4.	जनगणना कस्बों की संख्या	4	3
5.	जनसंख्या	51,707	60,595
6.	शिशु जनसंख्या (0-6)	9,464	8,860
7.	कुल जनसंख्या प्रति शिशु जनसंख्या का प्रतिशत	18.30	14.62
8.	दशकीय जनसंख्या वृद्धि का प्रतिशत	28.47	17.19
9.	वार्षिक अधिक्रमी वृद्धि दर	2.50	1.59
10.	जनसंख्या घनत्व (प्रति वर्ग कि.मी)	1616	1894
11.	नगरीय जनसंख्या	29,114	26,948
12.	नगरीय जनसंख्या प्रतिशत	56.31	44.47
13.	दशकीय जनसंख्या वृद्धि (नगरीय)	56.28	-7.44
14.	वार्षिक अधिक्रमी वृद्धि दर (नगरीय)	4.46	-0.77
15.	लिंग अनुपात	943	947
16.	लिंग अनुपात-शिशु जनसंख्या याने (0-6)	941	974
17.	साक्षरता दर	81.78	87.52

भारत की जनगणना 2001 में लक्षद्वीप की स्थिति

1. देश की कुल जनसंख्या का भाग : 0.01 % (60,595)
2. जनसंख्या की वृद्धि दर में स्थिति : 29वीं (17.19%)
3. घनत्व की श्रेणी : चौथा (1894)
4. लिंग अनुपात की श्रेणी : 14वीं (947)
5. साक्षरता की श्रेणी

व्यक्ति : तीसरा (87.52%)

पुरुष : दूसरा (93.15%)

स्त्रियॉं : तीसरा (81.56%)

भारत की जनगणना 2001 में लक्षद्वीप की स्थिति

1. देश की कुल जनसंख्या का भाग : 0.01 % (60,595)
2. जनसंख्या की वृद्धि दर में स्थिति : 29वीं (17.19%)
3. घनत्व की श्रेणी : चौथा (1894)
4. लिंग अनुपात की श्रेणी : 14वीं (947)
5. साक्षरता की श्रेणी

व्यक्ति : तीसरा (87.52%)

पुरुष : दूसरा (93.15%)

स्त्रियाँ : तीसरा (81.56%)



भारत के महासर्वेक्षक की अनुमति से मानचित्र सर्वेक्षण विभाग के मानचित्र पर आधारित ।
समुद्र में भारत का जलक्षेत्र उपर्युक्त आधार रेखा से माप गए बारह समुद्री मील की दूरी तक है ।

© भारत सरकार का प्रतिलिप्याधिकार, 2001

विश्लेषणात्मक टिप्पणी

अध्याय-1

भूमिका

संघ राज्य क्षेत्र लक्षद्वीप समूह से संबंधित भारत की जनगणना 2001 के अनन्तिम आँकड़ों का सार पहली बार ''डेटा शीट'' के रूप में और उसके बाद पेपर-1-2001 के नाम से अन्य राज्यों/संघ राज्यों के साथ प्रकाशित किये गये । यद्यपि उस पेपर में मुख्यतः कुल जनसंख्या का वितरण और उसकी मुख्य विशेषताएं याने दशकीय जनसंख्या परिवर्तन, लिंग अनुपात, जनसंख्या घनत्व और लिंग वार साक्षरता आदि के बारे में छोटे छोटे विश्लेषण के साथ प्रस्तुत की गयी थी, वर्तमान पेपर याने ''2001 का पेपर-2'' जनसंख्या के ग्रामीण- में नगरीय गठन और उसकी मूल विशेषताओं से संबंधित आंकड़े प्रतिपदित हैं ।

दूसरी श्रेणी की यह हस्त पुस्तिका जनसंख्या के अनन्तिम आँकड़े 2001 के पेपर-1 की अनुवर्ती है । इस पेपर की एक विशेष बात यह है कि द्वीप स्तर तक के आंकड़े प्रस्तुत हैं । शिशु जनसंख्या याने 0-6 आयु वर्ग के शिशुओं की जनसंख्या में उनके लिंग अनुपात, दशकीय वृद्धि दर आदि का विश्लेषण किया गया है । इस पेपर में दिये गये आँकड़े अनन्तिम हैं और तीव्र सारणीकरण के कारण उनकी उत्तराधिकार स्वभाव से प्राप्त कुछ परिसीमायें भी हो सकती हैं । ''इमेज बेसड् डाटा काप्चेरिंग टेक्नोळजी'' द्वारा परिवार अनुसूचियों के संसाधन के बाद अन्तिम आँकड़े प्राप्त हो जायेंगे । जनसंख्या के अन्तिम आँकड़े तैयार हो जाने तक आँकड़े प्रयोक्ताओं के हित में ये अनन्तिम आंकड़े प्रकाशित किये जाते हैं ।

भारत की जनगणना-2001 के प्रकाशनों की एकरूपता को ध्यान मे रखते हुए लक्षद्वीप के जनगणना के अनन्तिम आंकड़े पेपर-2 के ढांचे में निम्न सूचित मूल सारणियाँ शामिल की गयी हैं ।

सारणी-1	:	आवास एवं लिंग वार जनसंख्या, 0-6 आयु वर्ग की शिशु जनसंख्या और साक्षर-संघ राज्य क्षेत्र, जिला, न.स/नगर/कस्बा, 2001
सारणी-2	:	आवास एवं लिंग वार जनसंख्या, 0-6 आयु वर्ग में शिशु जनसंख्या और साक्षर-संघ राज्य क्षेत्र, जिला, सामुदायिक विकास खण्ड और द्वीप समूह-2001
सारणी-3	:	कुल जनसंख्या प्रति नगरीय जनसंख्या प्रतिशत एवं आवास वार दशकीय वृद्धि का प्रतिशत, 0-6 आयु वर्ग की शिशु जनसंख्या का प्रतिशत-संघ राज्य क्षेत्र और जिला, 2001
सारणी-4	:	जनसंख्या का लिंग अनुपात और 0-6 आयु वर्ग की शिशु जनसंख्या का लिंग अनुपात-संघ राज्य क्षेत्र, जिला, सामुदायिक विकास खण्ड और द्वीप-2001
सारणी-5	:	निवास और लिंग वार साक्षरता दर-संघ राज्य क्षेत्र, जिला, सामुदायिक विकास खण्ड और द्वीप-2001

सारणी-6	:	लिंग वार जनसंख्या, 1991-2001 दशकीय वृद्धि प्रतिशत, लिंग अनुपात, साक्षरता-संघ राज्य क्षेत्र में वर्ग आकार वार नगरीय समूह, नगर और कस्बे-2001
सारणी-6 का परिशिष्ट 1	:	लिंग वार जनसंख्या, 0-6 आयु वर्ग की शिशु जनसंख्या और साक्षर-वर्णानुक्रम में क्रमबद्ध स्वतंत्र नगर और कस्बे, 2001
सारणी-6 का परिशिष्ट-2	:	2001 में अवर्गीकृत 1991 के कस्बे और 2001 में अन्य कस्बों के साथ जोड़े गये 1991 के कस्बों की सूची
सारणी-7	:	नगरीय जनसंख्या की वृद्धि, 1981-2001
विवरणी-1	:	जनसंख्या का ग्रामीण-नगरीय वितरण-भारत/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र, 2001
विवरणी-2	:	कानूनी और जनगणना कस्बों की संख्या, 1991 और 2001
विवरणी-3	:	नगरीय जनसंख्या प्रतिशत वार सामुदायिक विकास खण्डों का श्रेणीकरण, 1991 और 2001
विवरणी-4	:	नगरीकरण की प्रवृत्तियाँ, 1991-2001

इन सारणियों और विवरणियों से प्रस्तावित आँकड़ों के बारे में मानचित्र और संचित्र की सहायता से विश्लेषणात्मक टिप्पणी में विचार-विमर्श किया गया है ।

जनगणना प्रयोजन के लिए निम्न सूचित प्रकार नगरीय क्षत्रों की परिभाषा स्पष्ट कर दी गयी है ।

(क) जिन स्थानों के नगरपालिका, नगर निगम, छावनी मंडल या अधिसूचित शहरीय क्षेत्र समिति आदि होते हैं, वे सब

(ख) कोई अन्य स्थान जो निम्न सूचित मानदंडों की संतुष्टि प्रदान करती है :

(i) न्यूनतम जनसंख्या 5000 हो

(ii) काम कर रहे पुरुष जनसंख्या का कम से कम 75 प्रतिशत गैर-काश्तकारी कार्यों में लगे हो और

(iii) जनसंख्या घनत्व कम से कम 400 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी.

वर्ग (क) में दिये गये कस्बे कानूनी कस्बे होते हैं जब कि वर्ग (ख) में प्रस्तावित जनगणना कस्बे नगरीय मापमान के अनुकूल होते हैं । ऐसे जनगणना कस्बे जो जनगणना नगरीय एकक के रूप में वर्गीकृत करके वर्ग (ख) में दिये गये हैं वे राजस्व अभिलेखों में गॉव ही रहेंगे ।

एक नगरीय समूह का मतलब एक कस्बा से व्याप्त नगरीय फैलाव एवं इसकी सामीपवर्ती नगरीय बाह्यवृद्धि (न.बा)या दो या अधिक प्राकृतिक अविरत् कस्बे मिलाकर तथा ऐसे कस्बों की कोई समीपवर्ती नगरीय बाह्यवृद्धि है । रेल बस्तियाँ, विश्व विद्यालय परिसर, पतन क्षेत्र, सैनिक शिविर, कारखाना क्षेत्र आदि बाह्यवृद्धि के उदाहरण होते हैं जो नगर या कानूनी कस्बे की कानूनी सीमा के बाहर विकसित लेकिन राजस्व गॉव या गॉवों की सीमा में स्थित नगरीय या शहरीय फैलाव हो ।

अतः एक नगरीय समूह मानेः

(i) एक नगर या कस्बा जिसकी क्रमानुगत बाह्यवृद्धि हो, जो कानूनी सीमाओं के बाहर मगर समीपवर्ती गॉव या गॉवों की सीमाओं में स्थित हो, या

(ii) अपनी-अपनी बाह्यवृद्धियाँ, अगर कोई है तो, उन के साथ दो या अधिक समीपवर्ती कस्बे जैसे उपर्युक्त (i) में है, या

(iii) एक नगर और एक या अधिक समीपवर्ती कस्बे जिनकी ऐसी बाह्यवृद्धियाँ हो या न हो मगर क्रमानुगत फैलाव रहे ।

नगरीय एककों को विश्लेषण के प्रयोजन के लिए निम्न प्रकार के छह श्रेणी में विभाजित किया गया है ।

आकार वर्ग	जनसंख्या
श्रेणी-I	10,000 और उस से अधिक (सामान्यतः नगर माना जाता है)
श्रेणी-II	50,000 से 99,999 तक
श्रेणी-III	20,000 से 49,999
श्रेणी-IV	10,000 से 19,000
श्रेणी-V	5,000 से 9,999
श्रेणी-VI	5000 से कम

लक्षद्वीप के संबंध में यह सच है कि इस संघ राज्य क्षेत्र में कोई नगर या कानूनी कस्बे या नगरीय समूह नहीं होते । भारत की जनगणना 2001 के अनुसार वहाँ के नागरिक स्थिति गैर-नगरपालिका (गै.न) सहित तीन जनगणना कस्बे होते हैं । जनगणना 1971 तक इस संघ राज्य क्षेत्र का संपूर्ण क्षेत्र ग्रामीण माना जाता था । 1981 की जनगणना में तीन द्वीप समूह याने मिनिकोयी, कवरत्ती और अमिनि को सर्वप्रथम जनगणना कस्बे घोषित किये गये जो 1991 जनगणना के समय भी यह जारी कर रहा और अगती नामक द्वीप को भी 1991 जनगणना में जनगणना कस्बा माना गया कि उपर्युक्त प्रयोजन के मानदंडों के पालन हेतु योग्य रहा था । अगत्ती द्वीप को छोड 1991 के शेष सभी जनगणना कस्बे उसी प्रकार ही 2001 की जनगणना में भी जारी कर रहे हैं ।

उपर्युक्त निश्चित मानदंड (ख) के अनुकूल होने पर पहली बार जनगणना 1991 में अगती द्वीप समूह को जनगणना कस्बे के रूप में माना गया और नगरीय ढाँचे में सम्मिलित किया गया । केवल दशकीय जनसंख्या की जनगणना के अन्तिम समय तक नये जनगणना कस्बों के वर्गीकरण के लिए ही नहीं बल्कि अगली जनगणना तक जनगणना कस्बों की स्थिति जारी रखने के लिए दशकीय जनसंख्या प्रगणना के समय आनुभाविक जाँच करना रूढिगत हो गया है । फलस्वरूप अगती को जनगणना 2001 के नगरीय ढाँचे में वर्गीकृत नहीं किया गया कि आनुभाविक जाँच में इसके अनुकूल न रहा । अतः अब ग्रामीण ढाँचे में सम्मिलित है । इस प्रकार अवर्गीकृत करने के कारण जनगणना कस्बों की संख्या जो 1991 जनगणना में चार थी वह कम हो कर तीन हो चुकी जो असाधारण स्थिति मानी जा सकती है ।

लक्षद्वीप में ग्यारह निवासीय द्वीपसमूह होते हैं । इस संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासनिक प्रयोजनों केलिए द्वीपसमूहों को नौ स्वतंत्र प्रमुख/अप्रमुख उप भागों में विभाजित किये गये हैं जो संयोग से सामुदायिक विकास खण्डों के समतुल्य हैं । बिट्रा और बंगारम को छोडकर सभी निवासीय द्वीप समूह अलग अलग सामुदायिक विकास खण्ड बने हैं । निवासीय बंगारम और बिट्रा द्वीप समूह और अनिवासी द्वीपसमूहों को समीपवर्ती सामुदायिक विकास खण्डों के भाग के रूप में माने गये हैं ।

अध्याय-2

जनसंख्या का ग्रामीण-नगरीय वितरण

भारत की जनगणना 2001 द्वारा अभिव्यक्त किया गया है कि लक्षद्वीप की कुल जनसंख्या 60,595 है जिन में 33,647 लोग ग्रामीण क्षेत्रों में और शेष 26,948 लोग नगरीय क्षेत्रों में निवास करते हैं । प्रतिशतता के अनुसार लक्षद्वीप की कुल जनसंख्या में 55.53 प्रतिशत ग्रामीण द्वीपसमूहों में और 44.47 प्रतिशत नगरीय द्वीपसमूहों में निवास करते हैं । लक्षद्वीप के नगरीय क्षेत्र का मतलब केवल जनगणना कस्बे हैं जिनकी निश्चित सीमायें होती हैं । नगरीकरण का स्तर नगरीय क्षेत्रों की जनसंख्या का प्रतिशत है । भारत और अनेक राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्रों के आँकडों (27.78 प्रतिशत) की तुलना में लक्षद्वीप की कुल जनसंख्या में नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत (अर्थात् 44.47 प्रतिशत) बहुत अधिक है जो सारणी-1 में प्रस्तुत है । भारत, लक्षद्वीप और समीपवर्ती राज्य तथा संघ राज्य क्षेत्रों के सन् 1971 से नगरीकरण का प्रभावी स्तर निम्न सूचित सारणी में प्रस्तुत है ।

अंतर्विष्ट सारणी-1

भारत, लक्षद्वीप और समीपवर्ती राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों की जनसंख्या और नगरीय एककों की संख्या

भारत/ राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र	नगरीय एकक				नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत			
	1971	1981	1991	2001	1971	1981	1991	2001
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
भारत	3,081	4,029	4,689	उ.न	19.7	23.2	25.7	27.8
लक्षद्वीप	--	3	4	3	--	46.3	56.3	44.5
केरल	88	106	197	उ.न	उ.न	18.7	26.4	26.0
कर्नाटक	245	281	306	उ.न	24.3	28.9	30.9	34.0
तमिल नाडु	439	434	469	उ.न	30.3	33.0	34.2	43.9
पाँडिचेरी	6	6	11	6	42.0	52.3	64.0	66.6
आण्डमान व निकोबार द्वीप समूह	उ.न	1	1	उ.न	उ.न	26.3	26.7	32.7

उ.न-उपलब्ध नहीं

उपर्युक्त विवरणी अभिव्यक्त करती है कि 1981, 1991 और 2001 में लक्षद्वीप अपनी कुल जनसंख्या में नगरीय जनसंख्या की प्रतिशतता में अपने समीपवर्ती राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों की तुलना में दूसरे स्थान पर होते हैं जबकि प्रथम स्थान पोंडिचेरी का है । सारणी-1 अभिव्यक्त करती है कि नगरीय जनसंख्या की प्रतिशतता के संबंध में लक्षद्वीप को छहवीं स्थान है । आगे यह दिखाई देता है कि कुल जनसंख्या में नगरीय जनसंख्या की प्रतिशतता के संबंध में संघ राज्य क्षेत्र और छोटे राज्य ऊँचे स्थान पर हैं । सर्वोच्च स्तर के छह राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों की कुल जनसंख्या में नगरीय जनसंख्या की प्रतिशतता श्रेणीवार निम्न सूचित विवरणी व्यक्त करती है ।

अंतर्विष्ट सारणी-2

भारत में सर्वोच्च नगरीकृत छह राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-2001

श्रेणी	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत
(1)	(2)	(3)
1.	दिल्ली	93.01
2.	चंडिगढ	89.78
3.	पाँडिचेरी	66.57
4.	गोवा	49.77
5.	मिज़ोरम	49.50
6.	लक्षद्वीप	44.47

भारत के राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 93.01 प्रतिशत से दिल्ली सब से अधिक नगरीय है जिसके साथ साथ चंडीगढ (89.78 प्रतिशत) और पाँडिचेरी (66.57 प्रतिशत) होते हैं । राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में 9.79 प्रतिशत से हिमाचल प्रदेश सबसे निम्नतम नगरीय है साथ ही साथ बिहार (10.47 प्रतिशत) और सिक्किम (11.10 प्रतिशत) होते हैं।

यद्यपि लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र के संबंध में कुल जनसंख्या के प्रति नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत उच्च है, यह सूचित करना उचित है कि लक्षद्वीप में कोई भी नगर, नगरीय समूह या कानूनी कस्बे नहीं होते हैं । इस संघ राज्य क्षेत्र में नगरीय क्षेत्र का मतलब केवल तीन जनगणना कस्बे हैं । 1971 तक संघ राज्य क्षेत्र के समूचे क्षेत्र ग्रामीण माना जाता था । केवल 1981 जनगणना में लक्षद्वीप के इतिहास मे तीन प्रमुख द्वीप जनगणना कस्बे के रूप में माने गये । इसी कारण से नगरीय जनसंख्या में एकाएक वृद्धि हुई जो 2001 जनगणना के दौरान भी जारी रही । इन द्वीपों को इसी कारण से जनगणना कस्बे माने गये कि ये परिचयात्मक टिप्पणी में प्रस्तावित जनगणना संगठन के मापमान के अनुकूल रहें । बेशक समुद्र की गहराई में स्थित द्वीपों में जनसंख्या एवं औद्योगीकरण की वृद्धि आसान नहीं है, इसलिए नगरीकरण केलिए प्रस्तावित ये दोनों आवश्यकताओं से ये द्वीप समूह वंछित रहे ।

निम्न सूचित सारणी में लक्षद्वीप के सामाजिक विकास खण्डों की ग्रामीण-नगरीय जनसंख्या प्रस्तावित है ।

संघ राज्य क्षेत्र में नगरीय और ग्रामीण जनसंख्या का वितरण, 1901-2001



अंतर्विष्ट सारणी-3

सामुदायिक विकास खण्डों में नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत-2001

संघ राज्य क्षेत्र/ सा.वि.खण्ड	कुल जनसंख्या	नगरीय जनसंख्या	नगरीय जनसंख्या प्रतिशत
(1)	(2)	(3)	(4)
लक्षद्वीप	60,595	26,948	100.00
चेत्तलात्त्	2,553	--	--
किल्तन	3,664	--	--
कटमत्त्	5,319	--	--
अमिनि	7,340	7,340	27.24
अगत्ती	7,072	--	--
कवरत्ती	10,113	10,113	37.53
आन्त्रोत्त्	10,720	--	--
कल्पेनी	4,319	--	--
मिनिकोयी	9,495	9,495	35.23

लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र के नौ सामुदायिक विकास खण्डों में निवासीय एक द्वीप सहित तीन सामुदायिक विकास खण्डों में प्रत्येक के नगरीय घटक होते हैं । संक्षेप में, इन तीन सामुदायिक विकास खण्डों की सारी जनसंख्या नगरीय क्षेत्र में निवास करते हैं और कोई ग्रामीण जनसंख्या नहीं है । इसके विपरीत, शेष छह सामुदायिक विकास खण्डों की सारी जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्र में हैं और इनमें कोई नगरीय जनसंख्या नहीं होती ।


सा.वि.खण्डों की ग्रामीण-नगरीय जनसंख्या का वितरण, 2001
12,000
10,000
8,000
6,000
4,000
2,000
0
जनसंख्या
ग्रामीण
नगरीय
सा.वि.खण्ड



भारत के महासर्वेक्षक की अनुमति से भारतीय सर्वेक्षण विभाग के मानचित्र पर आधारित ।
समुद्र में भारत का जलप्रदा उपर्युक्त आधार रेखा से माप गए बारह समुद्री मील की दूरी तक है ।

© भारत सरकार का प्रतिलिप्याधिकार, 2001

अध्याय-3

दशकीय जनसंख्या वृद्धि

सन् 1901 से 2001 तक के 100 साल के दौरान लक्षद्वीप की जनसंख्या में 13,882 से 60,595 की वृद्धि हुई है जो कि अर्थात् 336.5 प्रतिशत की वृद्धि है । 1981 जनगणना के दौरान पहली बार नगरीय क्षेत्र का गठन किया गया और इसके बाद, इस संघ राज्य क्षेत्र में नगरीय जनसंख्या से अधिक ग्रामीण जनसंख्या की वृद्धि हुई । 2001 की ग्रामीण-जनसंख्या की वृद्धि दर 1981 की जनसंख्या से 55.63 प्रतिशत है जब कि इस अवधि में नगरीय जनसंख्या वृद्धि 44.66 प्रतिशत है कि कुल जनसंख्या वृद्धि 50.55 प्रतिशत हुई । 1991-2001 दशक के दौरान ग्रामीण जनसंख्या का प्रतिशत परिवर्तन 48.93 प्रतिशत और 1991-2001 के नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत जैसे विवरणी-4 में प्रस्तुत है, वह एकदम कम दिखाई पडता है कि कभी-कभी विपरीत (यानेः -7.44 प्रतिशत) होता है । यह अगत्ती जनगणना कस्बे का अवर्गीकरण के कारण होगा कि यह 1991 जनगणना में जनगणना कस्बा था जो 2001 जनगणना में किसी नये शहर को जोडे बिना ग्रामीण माना गया । यह इस तथ्य से स्पष्ट होता है कि ग्रामीण दशकीय वृद्धि दर (याने 48.93 प्रतिशत) कुल जनसंख्या वृद्धि दर (17.19 प्रतिशत) से बहुत ऊँची है ।

2001 के पेपर-1 में 1901-2001 और 1991 एवं 2001 जनगणनाओं के सामुदायिक विकास खण्डों तथा संघ राज्य क्षेत्र की जनसंख्या वृद्धि के आँकड़े प्रस्तुत है । चूंकि सामुदायिक विकास खण्ड एकल आवासीय द्वीप के प्रतिनिधित्व करते हैं इसलिए सामुदायिक विकास खण्डों के दशकीय परिवर्तन द्वीपों के समान होते हैं । 1991-2001 दशक के दौरान कटमत्त् द्वीप को छोडकर लक्षद्वीप के सभी द्वीपों में जनसंख्या की वृद्धि दर में कमी हुई है । 1981-91 दशक के दौरान कटमत्त् द्वीप में 5.51 प्रतिशत जनसंख्या वृद्धि दर रिकोर्ड की गयी है । नीचे दी गयी अंतर्विष्ट सारणी में लक्षद्वीप के द्वीपों की जनसंख्या से संबंधित ग्रामीण नगरीय वृद्धि दर प्रस्तुत है ।

अंतर्विष्ट सारणी-4

लक्षद्वीप के द्वीपों की जनसंख्या की ग्रामीण-नगरीय वृद्धि-2001

द्वीप	जनसंख्या की वृद्धि दर		
	कुल	ग्रामीण	नगरीय
(1)	(2)	(3)	(4)
लक्षद्वीप	17.19	48.93	(-)7.44
बित्र	17.33	17.33	--
चेत्तलात्त्	11.60	11.60	--
किल्तन	19.54	19.54	--
कटमत्त्	33.48	33.58	--
अमिनि	13.85	--	13.85
बंगारम	6.56	6.56	--
अगत्ती	23.58	23.48	--
कवरत्ती	16.55	--	16.55
आन्त्रोत्त्	17.52	17.52	--
कल्पेनी	5.75	5.75	--
मिनिकोयी	14.12	--	14.12

उपर्युक्त विवरणी से यह देखा जा सकता है कि बित्रा (17.33 प्रतिशत), आन्त्रोत् (17.52 प्रतिशत), किल्तन (19.54 प्रतिशत), अगत्ती (23.58 प्रतिशत), और कटमत्त् (33.48 प्रतिशत) द्वीपों की जनसंख्या का प्रतिशत परिवर्तन संघ राज्य क्षेत्र (17.19 प्रतिशत) से ऊँचा है । सभी कस्बों में जनसंख्या की दशकीय वृद्धि दर संघ राज्य क्षेत्र की कुल जनसंख्या (याने 17.19 प्रतिशत) से कम है । जैसे पहले ही कह चुका है, 1991-2001 दशक में लक्षद्वीप में नगरीय जनसंख्या वृद्धि विपरीत रही जो अगत्ती को ग्रामीण रूप में अवर्गीकृत करने के कारण हुआ है । मगर इस दशक के दौरान नगरीय जनसंख्या की साधारण वृद्धि 14.95 प्रतिशत रही है । नगरीय द्वीपों याने सामुदायिक विकास खण्डों में कवरत्ती का 16.55 प्रतिशत जनसंख्या की उच्चतम वृद्धि दर है और मिनिकोयी (14.12 प्रतिशत) और अमिनि (13.85 प्रतिशत) निकटतम है ।

लक्षद्वीप के संबंध में 1991 से लेकर लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र या उसके निम्न सीमावर्ती एककों के अधिकार क्षेत्र में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है । इसी कारण से इस संघ राज्य क्षेत्र से संबंधित 1991 और 2001 जनगणनाओं के आंकड़ों की तुलना हेतु जनसंख्या या क्षेत्र का पुनर्निणयन आवश्यक नहीं हुआ है ।



संघ राज्य क्षेत्र की ग्रामीण एवं नगरीय जनसंख्या का दशकीय वृद्धि प्रतिशत, 1901-2001



भारत के महासर्वेक्षक की अनुमति से भारतीय सर्वेक्षण विभाग के मानचित्र पर आधारित।
समुद्र में भारत का जलप्रदेश उपयुक्त आधार रेखा से मापे गए बारह समुद्री मील की दूरी तक है।

© भारत सरकार का प्रतिलिप्यधिकार 2001

अध्याय-4

लिंग अनुपात

वर्ष 1901 से 2001 तक संघ राज्य क्षेत्र के और 1991 से 2001 तक सामुदायिक विकास खण्डों की जनगणनाओं की कुल जनसंख्या में लिंग अनुपात से संबंधित आँकड़े 2001 के पेपर-1 में प्रस्तुत है । एक हज़ार पुरुषों के प्रति स्त्रियों की संख्या को लिंग अनुपात की परिभाषा दी गयी है । पिछले सौ सालों से भारत और लक्षद्वीप में रिकार्ड किये गये लिंग अनुपात की तुलना करने से यह समझ सकता है कि भारत और अन्य कुछ राज्य एवं संघ राज्य क्षेत्रों के लिंग अनुपात से यहाँ का अनुपात ऊँचे स्तर पर है । निम्न सूचित सारणी 1901-2001के दौरान लक्षद्वीप और भारत के लिंग अनुपात प्रस्तुत है।

अंतर्विष्ट सारणी-5

लक्षद्वीप और भारत के लिंग अनुपात-1901-2001

संघ राज्य क्षेत्र/ भारत	लिंग अनुपात										
	1901	1911	1921	1931	1941	1951	1961	1971	1981	1991	2001
लक्षद्वीप	1063	987	1027	994	1018	1043	1020	978	975	943	947
भारत	972	964	955	950	945	946	941	930	934	927	933

उपर्युक्त सारणी से यह व्यक्त है कि लक्षद्वीप का लिंग अनुपात भारत से सदा ऊँचे स्तर पर है । लक्षद्वीप के ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों का लिंग अनुपात 1991 में 959 और 930 के बदले में क्रमशः 957 और 936 रिकोर्ड किया गया है । निम्न सूचित सारणी वर्ष 1991 और 2001 में लक्षद्वीप के ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों का लिंग अनुपात प्रस्तुत करती है ।

अंतर्विष्ट सारणी-6

1991 और 2001 जनगणनाओं में ग्रामीण और नगरीय द्वीपसमूहों का लिंग अनुपात

संघ राज्य क्षेत्र/द्वीप	लिंग अनुपात					
	1991			2001		
	कुल	ग्रामीण	नगरीय	कुल	ग्रामीण	नगरीय
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(70
लक्षद्वीप	943	959	930	947	957	936
बित्र	573	573	--	671	671	--
चेत्तलात्त्	897	897	--	935	935	--
किल्तन	985	985	--	984	984	--
कटमत्त्	961	961	--	981	981	--
अमिनि	969	--	969	969	--	969
बंगारम	151	151	--	161	161	--
अगत्ती	883	--	883	929	929	--
कवरत्ती	829	--	829	813	--	813
आन्त्रोत्त्	999	999	--	1,001	1,001	--
कल्पेनी	932	932	--	895	895	--
मिनिकोयी	1,049	--	1,049	1,057	--	1,057

उपर्युक्त सारणी यह व्यक्त कर देती है कि 2001 की जनगणना में संघ राज्य क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में लिंग अनुपात नगरीय क्षेत्रों से अधिक होता है । अन्ट्रोत के ग्रामीण द्वीपों में लिंग अनुपात (1001), किल्तन (984), कटमत्त् (981) और मिनिकोयी के नगरीय द्वीपों (1057) और अमिनि (969) में संघ राज्य क्षेत्र से बहुत अधिक माना जा सकता है। आन्त्रोत्त् (ग्रामीण) में लिंग अनुपात 1000 पुरुषों के प्रति 1001 स्त्रियाँ और मिनिकोय (नगरीय) में 1000 पुरुषों के प्रति 1057 स्त्रियाँ हैं कि इस संघ राज्य क्षेत्र स्त्रियों के प्रति अनुकूल माना जा सकता है । सभी द्वीपों को एक साथ इकट्ठा करते समय लिंग अनुपात में 1000 पुरुषों के प्रति 1057 स्त्रियों की दर में लक्षद्वीप के मिनिकोय की प्रथम श्रेणी है। पिछली जनगणनाओं में भी उच्च लिंग अनुपात की यह प्रबल प्रवृत्ति मिनिकाय में देखा जा सकती है । इसका कारण यह है कि भारत और अन्य विदेशी जहाज़ों में काम करने हेतु मिनिकोय की कार्यरत जनसंख्या में पुरुषों की एक महत्वपूर्ण संख्या वहाँ से बाहर जाती हैं जैसे पिछली जनगणना रिपोर्टों में रिपोर्ट की गयी है ।

उपर्युक्त सारणी यह भी व्यक्त कर देती है कि संघ राज्य क्षेत्र में 1991 की जनगणना की तुलना में 2001 की जनगणना का लिंग अनुपात स्त्रियों के अनुकूल है । 2001 की जनगणना में संघ राज्य क्षेत्र के सात द्वीपों में लिंग अनुपात की वृद्धि देखा जा सकती है । इसके विरुद्ध तीन द्वीपों में यह अनुपात कम हो गया है और एक द्वीप याने अमिनि में यह अनुपात स्थिर रहा ।

अध्याय-5

शिशु जनसंख्या (0-6 आयु वर्ग)

किसी भी समाज में जनसंख्या का महत्वपूर्ण भाग है 0-6 आयु वर्ग की शिशु जनसंख्या । इस संघ राज्य क्षेत्र की कुल जनसंख्या 60,595 में 0-6 आयु वर्ग की जनसंख्या 8,860 होती हैं जो यहाँ की कुल जनसंख्या की 14.62 प्रतिशत है और भारत के प्रति वह 15.42 प्रतिशत है । भारत के संघ राज्य क्षेत्रों में 0-6 आयु वर्ग की शिशु जनसंख्या के समानुपात में लक्षद्वीप (14.62 प्रतिशत) दूसरे स्थान पर है जबकि प्रथम स्थान दादरा और नागर हवेली (17.77 प्रतिशत) को है । राज्य/संघ राज्य क्षेत्र को एक साथ इकट्ठा करते समय शिशु जनसंख्या के वृतखण्ड में लक्षद्वीप चौदहवीं स्थान पर होता है जबकि प्रथम स्थान मेघालय (19.84 प्रतिशत) और दूसरा स्थान बिहार (19.59 प्रतिशत) को है । 1991 और 2001 की जनगणनाओं में लक्षद्वीप के ग्रामीण-नगरीय क्षेत्रों की 0-6 आयु वर्ग के लिंग वार जनसंख्या का प्रतिशत निम्न सूचित सारणी में प्रस्तुत है ।

अंतर्विष्ट सारणी-7

आवास एवं लिंग अनुपात वार 06 आयु वर्ग की शिशु जनसंख्या का प्रतिशत, 1991-2001

कुल/ग्रामीण/ नगरीय	0-6 आयु वर्ग के जनसंख्या प्रतिशत					
	1991			2001		
	व्यक्ति	पुरुष	स्त्रियाँ	व्यक्ति	पुरुष	स्त्रियाँ
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
कुल	18.30	18.32	18.28	14.62	14.42	14.83
ग्रामीण	19.21	19.29	19.12	16.15	15.72	16.59
नगरीय	17.60	17.58	17.62	12.71	12.81	12.61

